## Based on NEP (on all parts)–3

# कार्य प्रपत्र–1

### भाषा, वर्णमाला, मात्राएँ, शब्द और वाक्य, संज्ञा

नाम : .................. अनुक्रमांक : .................. दिनांक : ..................

**1. सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

(क) अपने विचारों का आदान-प्रदान किया जा सकता है–

(i) भाषा द्वारा ☐ (ii) लिपि द्वारा ☐

(iii) किताबों द्वारा ☐ (iv) ये सभी ☐

(ख) जिनका उच्चारण स्वतंत्र रूप से किया जाता है, कहलाते हैं–

(i) स्वर ☐ (ii) व्यंजन ☐

(iii) इनमें से कोई नहीं ☐ (iv) ये सभी ☐

(ग) स्वरों के चिह्न कहलाते हैं–

(i) व्यंजन ☐ (ii) मात्रा ☐

(iii) अयोगवाह ☐ (iv) ये सभी ☐

(घ) वर्णों के मेल से बनते हैं–

(i) वर्णमाला ☐ (ii) वाक्य ☐

(iii) शब्द ☐ (iv) ये सभी ☐

(ङ) किसी वस्तु, स्थान आदि के नाम का बोध कराने वाले शब्द कहलाते हैं–

(i) संज्ञा ☐ (ii) सर्वनाम ☐

(iii) क्रिया ☐ (iv) ये सभी ☐

**2. वर्णों को जोड़कर लिखिए–**

(क) स् + औ = ..............................

(ख) प् + ई = ..............................

(ग) ल् + ऊ = ..............................

(घ) क् + ऋ = ...............................

(ङ) ट् + उ = ...............................

(च) म् + ऐ = ...............................

**3. संज्ञा शब्दों पर गोला ( ◯ ) लगाइए–**

(क) दादी रेलगाड़ी से आई।

(ख) रीता के घर में गाय है।

(ग) आम में मिठास है।

(घ) मामा जी ने घड़ी पहनी है।

(ङ) हवामहल जयपुर में है।

**4. वाचन-कौशल** **VBQs/HOTs**

(क) बताइए यदि हमारी कोई भाषा न होती तो क्या होता?

(ख) बताइए अगर वर्ण न होते, तो क्या हम शब्द बना पाते?

(ग) देश के प्रधानमंत्री का नाम बताइए और यह भी बताइए कि किस वर्ण पर कौन-सी मात्रा लगी है?

(घ) अपने नाम के पहले अक्षर से दस सार्थक शब्द बनाकर कक्षा में सुनाइए।

(ङ) पाँच दर्शनीय स्थानों/स्थलों के नाम बताइए; जैसे–ताजमहल।

**5. बात पते की** **Life Skills**

(क) जैसे हम अपनी भाषा का सम्मान करते हैं, वैसे ही दूसरी भाषाओं का भी सम्मान करना चाहिए।

(ख) एक-एक ईंट जोड़कर घर बन जाता है, उसी तरह एक-एक वर्ण जोड़कर 'वर्णमाला' बन जाती है।

(ग) सभी मात्राओं के लगाने के तरीके अलग-अलग होते हैं। मात्राएँ व्यंजनों के आगे, पीछे, ऊपर और नीचे लगती हैं।

(घ) हमें किसी से बातचीत करते समय हमेशा अच्छे शब्दों का चयन करना चाहिए। अच्छे शब्दों के चयन से वाक्य भी अर्थपूर्ण एवं उद्देश्यपूर्ण बनता है।

# कार्य प्रपत्र-2

**लिंग, वचन, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया**

नाम : .................. अनुक्रमांक : .................. दिनांक : ....................

**1. सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

(क) जिन शब्दों से किसी का जाति (स्त्रीलिंग/पुल्लिंग) का बोध हो, वे कहलाते हैं–

(i) लिंग ☐ (ii) वचन ☐

(iii) कारक ☐ (iv) इनमें से कोई नहीं ☐

(ख) जिन शब्दों द्वारा किसी वस्तु की संख्या का बोध होता है, कहलाते हैं–

(i) लिंग ☐ (ii) वचन ☐

(iii) कारक ☐ (iv) इनमें से कोई नहीं ☐

(ग) संज्ञा के बदले जिन शब्दों का उपयोग होता है, उन्हें कहते हैं–

(i) वचन ☐ (ii) सर्वनाम ☐

(iii) लिंग ☐ (iv) इनमें से कोई नहीं ☐

(घ) वचन कितने प्रकार के होते हैं–

(i) दो ☐ (ii) तीन ☐

(iii) चार ☐ (iv) पाँच ☐

(ङ) 'आँसू' शब्द का प्रयोग हमेशा होता है–

(i) एकवचन में ☐ (ii) बहुवचन में ☐

(iii) इन दोनों में ☐ (iv) इनमें से कोई नहीं ☐

**2. सही सर्वनाम शब्द चुनकर खाली स्थान भरिए–**

हम वह कोई उस वे

(क) .............................. थैले में क्या है?

(ख) .............................. ऊपर जा रहा है।

(ग) ............................ रविवार को जाएँगे।

(घ) ............................ दिल्ली में रहते हैं।

(ङ) ............................ कल परीक्षा देने जाएगा।

**3. वाचन-कौशल** **VBQs/HOTs**

(क) घर में प्रयोग होने वाली पाँच स्त्रीलिंग और पाँच पुल्लिग वस्तुओं के नाम बताइए।

(ख) सोचिए और बताइए कि आपके घर में कितनी वस्तुएँ एक संख्या में हैं और कितनी वस्तुएँ एक से अधिक की संख्या में हैं?

(ग) बड़ों के लिए सर्वनाम शब्दों का प्रयोग वाक्य में करके बताइए।

(घ) ऐसे कौन-से काम हैं, जिनसे दूसरों को नुकसान पहुँचता है?

(ङ) रास्ते में किसी घायल व्यक्ति को देखकर आप क्या करेंगे?

**4. बात पते की** **Life Skills**

(क) स्त्रीलिंग-पुल्लिग प्राणियों और वस्तुओं के स्त्री-पुरुष होने का भेद बताते हैं, लेकिन असली जीवन में लड़के-लड़की संबंधी भेद नहीं करना चाहिए, क्योंकि ईश्वर की नज़र में सब समान हैं।

(ख) चींटी बहुत ही छोटी होती है, पर जब अनेक चींटियाँ मिल जाती हैं तो बड़ी चीज़ों को भी उठा लेती हैं। इस तरह हमें भी अलग. -अलग नहीं बल्कि एक होकर रहना चाहिए।

(ग) कुछ लोग सफ़ाई करने, कपड़े धोने जैसे कामों को छोटा समझते हैं, लेकिन कोई काम छोटा नहीं होता। हर काम महत्वपूर्ण होता।

(घ) सर्वनाम हमें सिखाते हैं कि दूसरों के लिए सदा सम्मान देने वाले शब्द बोलने चाहिए।

# कार्य प्रपत्र-3

**पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, मुहावरे, विराम-चिह्न, अशुद्धि-शोधन, दिन, महीने और त्योहार, गिनती**

नाम : .................. अनुक्रमांक : .................. दिनांक : ..................

**1. सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

(क) समान अर्थ बताने वाले शब्दों को कहते हैं–

(i) समानार्थी ☐ (ii) पर्यायवाची ☐

(iii) ये दोनों ☐ (iv) इनमें से कोई नहीं ☐

(ख) 'लिखित' का विलोम है–

(i) मौखिक ☐ (ii) लिपि ☐

(iii) भाषा ☐ (iv) इनमें से कोई नहीं ☐

(ग) 'जो किसी से न डरे' के लिए उचित एक शब्द है–

(i) डरपोक ☐ (ii) बलवान ☐

(iii) निडर ☐ (iv) इनमें से कोई नहीं ☐

(घ) 'प्रतिदिन होने वाला' के लिए एक शब्द है–

(i) दैनिक ☐ (ii) नित्य ☐

(iii) रोज़ ☐ (iv) इनमें से कोई नहीं ☐

(ङ) 'साथ में पढ़ने वाला' के लिए शब्द है–

(i) मित्र ☐ (ii) सखा ☐

(iii) सहपाठी ☐ (iv) इनमें से कोई नहीं ☐

**2. नीचे दिए गए मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

(क) रात-दिन एक करना – ..................................................

..................................................................................

(ख) अक्ल का दुश्मन – ..................................................

..................................................................................

(ग) पीठ थपथपाना – ..........................................

..............................................................................................

(घ) ईद का चाँद होना – ..........................................

..............................................................................................

**3. वाचन-कौशल** **VBQs/HOTs**

(क) बताइए, प्रेम करना अच्छा होता है या नफ़रत करना।

(ख) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द से भाषा में क्या बदलाव आता है?

(ग) यदि किसी के नाम का उच्चारण गलत तरीके से करते हैं, तो उसे कैसा लगता है?

(घ) 'पता' और 'पत्ता' शब्दों की वर्तनी, उच्चारण और अर्थ में क्या अंतर है?

(ङ) एक से पचास तक की गिनती को उलटे क्रम में अर्थात् पचास से शुरू करते हुए सुनाइए।

**4. बात पते की** **Life Skills**

(क) सच बोलना अच्छी बात है झूठ बोलना बुरी। इसलिए सदैव सच बोलना चाहिए।

(ख) जिस प्रकार अशुद्धियों को दूर करके वाक्य की भाषा को शुद्ध बनाया जाता है, उसी प्रकार गलत विचारों को दूर करके अच्छे विचारों को अपनाना चाहिए।

(ग) जिस प्रकार गिनती चाहे किसी भी भाषा में हो, उनके अंक हमेशा एक समान क्रम में ही रहते हैं, उसी प्रकार हमें अपने नियमित कर्म/काम क्रम के अनुसार ही करने चाहिए।

(घ) जो कम शब्दों में अपनी पूरी बात कहता है, वह कुशल वक्ता कहलाता है। इसलिए हमें अपनी बात को कम-से-कम शब्दों में सटीक रूप से कहना चाहिए।

# कार्य प्रपत्र-4

**अपठित गद्यांश, पत्र-लेखन, अनुच्छेद-लेखन, कहानी-लेखन, चित्र वर्णन**

नाम : .................. अनुक्रमांक : .................. दिनांक : ....................

**1. अपठित गद्यांश को पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

तोता हमारे देश का एक लोकप्रिय पक्षी है। मुझे तोता बहुत अच्छा लगता है। तोते का कद छोटा होता है। वह अपने चमकीले हरे रंग, लाल चोंच और गले की काली धारी के कारण बहुत सुंदर दिखता है। उसकी चोंच मज़बूत और हुक की तरह कुछ मुड़ी हुई होती है।

तोते की बोली मीठी होती है। सिखाने पर वह मनुष्य की तरह कुछ शब्द बोल लेता है। तोते के मुँह से 'राम-राम', 'नमस्ते' जैसे शब्द सुनकर सबको आनंद मिलता है। कहते हैं कि पुराने जमाने में पंडितों के तोते संस्कृत भी बोल लेते थे।

(क) तोते का कद कैसा होता है? ....................................

(ख) तोते की चोंच किस रंग की होती है? ....................................

(ग) तोते की बोली कैसी होती है? ....................................

(घ) तोता किसकी तरह बोल लेता है? ....................................

(ङ) पुराने जमाने में पंडितों के तोते किस भाषा में बोल लेते थे? ....................................

**2.** पिता जी से नई पुस्तकें खरीदने के लिए पैसे मँगवाने हेतु पत्र।

....................................

....................................

....................................

..................................................................................................

..................................................................................................

..................................................................................................

..................................................................................................

....................................

3. चित्र देखकर कहानी लिखिए–



## खरगोश की चतुराई

..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................